कोटद्वार, गुरूवार
5 सितम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 130 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पहाड़ों में बारिश से गंगा चेतावनी के निशान पार

ऋषिकेश। पहाड़ों में बारिश से बुधवार को ऋषिकेश में गंगा उफान पर आ गई। जलस्तर चेतावनी निशान को पार करते हुए राहत—बचाव एजेंसियों में हड़कंप मच गया। नगर निगम और पुलिस ने गंगा के तटीय इलाकों पर बसे लोगों को चेतावनी जारी की। घाट जलमग्न होने से दर्श—पूजन और स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का दिक्कतें पेश आई। बुधवार सुबह से ही गंगा चेतावनी रेखा 339.50 मीटर से 10 सेंटीमीटर ऊपर होकर बही। जलस्तर बढ़ते ही जल पुलिस और नगर निगम की टीमें अलर्ट हो गई। कर्मचारियों ने त्रिवेणीघाट समेत अन्य घाटों पर स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को किनारे पर ही रहने के लिए कहा। पानी अत्याधिक बढ़ने पर खुद ही सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील भी की। तटीय इलाकों पर बसे लोग भी गंगा के उफान को देखते हुए सहम गए। नगर निगम की टीम ने वाहन से अलाउंसमेंट के जरिये लोगों को गंगा से दूर रहने की चेतावनी दी। सुबह से लेकर शाम तक जलस्तर चेतावनी निशान के आसपास रहने से स्नान व दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को परेशानी पेश आई। केंद्रीय जल आयोग के अवर अभियंता विभांशु त्रिपाठी ने बताया कि गंगा के जलस्तर को लेकर प्रशासन को पलपल की अपडेट दी जा रही है। उधर, गंगा की सहायक नदी सुसवा, सौंग और चंद्रभागा में पानी बढ़ने से लोग खौफ में दिखे। खासकर ग्रामीण क्षेत्र प्रतीतनगर, गौहरीमाफी, ठाकुरपुर, साहबनगर और छिद्दरवाला आदि में ग्रामीण को सौंग व सुसवा में बढ़ते पानी से दिनभर जानमाल का खतरा सताता रहा।

### देहरादून जोन फाइव में यहां हमेशा भूचाल का खतराः त्रिवेंद्र

देहरादून) हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि पूरा उत्तराखंड भूकंप जोन है और देहरादून में हमेशा ही भूचाल का खतरा रहता है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों ने त्रिवेंद्र रावत से पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के राजनैतिक भूचाल संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया मांगी। इस पर बोलते हुए त्रिवेंद्र ने हल्के फुल्के अंदाज में हरक की ओर से कही गई बातों को नकार दिया। त्रिवेंद्र ने कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं उनसे जलता था। मैं आपके सामने पूरा खड़ा हूं और उस समय के मुकाबले मेरा वजन भी चार— पांच किलो बढ़ गया है। मीडिया कर्मियों के सवाल पर दुष्कर्म करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की पैरवी करते हुए त्रिवेंद्र ने कहा कि ऐसे लोगों से उनका परिवार भी सुरक्षित नहीं रह सकता। ऐसे लोग समाज के लिए कोढ़ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### पुणे से उत्तराखंड के लिए चलेगी पितृ छाया एक्सप्रेस

देहरादून। उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने को आईआरसीटीसी की ओर से विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में अक्तूबर को पुणे महाराष्ट्र से श्राद्ध पक्ष में विशेष पितृ छाया एक्सप्रेस चलाई जाएगी। इसी के साथ मुंबई से कार्तिक स्वामी, बदरीनाथ, केदारनाथ के लिए भी ट्रेन चलाई जाएंगी। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने बताया कि पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए पर्यटन विभाग ने हरिद्वार, ऋषिकेश, पंच प्रयाग और बदरीनाथ को शामिल करते हुए पितृ छाया एक्सप्रेस, हमारे पूर्वजों को समर्पित एक यात्रा नाम से एक यात्रा शुरू की है। श्राद्ध, पितृ पक्ष अवधि के दौरान अपने पूर्वजों को तर्पण देने की परंपरा हिंदुओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए ये ट्रेन चलाई जा रही है। पुणे से शुरू होने वाली पितृ छाया एक्सप्रेस आम जनता को हरिद्वार और पांच प्रयागों (संगम) में तर्पण करने का अवसर देगी। अंत में बदरीनाथ के पास ब्रह्म कपाल में तर्पण होगा।

### मणिपुर में सेना ने बरामद किए मोर्टार, एके–47 सहित अन्य घातक हथियार

मणिपुर , मणिपुर राज्य के विभिन्न जिलों से बंदूकें, गोला—बारूद के अलावा अन्य युद्ध जैसे हथियारों और उपकरणों के भंडार की महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। सेना के मुताबिक, बीते एक सप्ताह से अधिक समय से चल रहे सघन अभियानों में मोर्टार, एके—47, पिस्तौलें, हैंड ग्रेनेड, विस्फोटक समेत 50 से अधिक हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें बड़ी मात्रा में गोला—बारूद और अन्य युद्ध जैसे हथियारों के भंडार भी शामिल हैं।सेना ने यह बरामदगी मणिपुर के अलग—अलग हिस्सों से की है। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में बुधवार को बताया कि भारतीय सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के साथ संयुक्त अभियान शुरू किए हैं। इन संयुक्त अभियानों की एक श्रृंखला में, मणिपुर के विभिन्न जिलों में हथियारों व गोला—बारूद की महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है।अभियानों में व्यापक योजना, खोजी कुत्तों, मेटल डिटेक्टरों और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया। काकचिंग जिले में एक संभावित ठिकाने में विद्रोहियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स ने नौ हथगोले, एक स्टेन मार्क—वी राइफल, दो 12 बोर सिंगल—बैरल राइफल, दो 9 मिमी पिस्तौल और युद्ध सामग्री बरामद की। मणिपुर के ही कांगपोकपी जिले में असम राइफल्स ने चांगसांग से एक सोवियत राइफल, एक स्थानीय निर्मित राइफल, एक बोल्ट एक्शन राइफल, एक 0.22 पिस्तौल, एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार और अन्य उपकरण बरामद किए। ऐसे ही एक अन्य तलाशी अभियान में मणिपुर से एक 51 मिमी मोर्टार, एक राइफल एमए—3 एमके—2, एक एके—47, दो कारतूसों से भरी बंदूकें, एक 303 राइफल, छह 9 मिमी पिस्तौल, सात सिंगल बैरल 12 बोर बंदूकें, दो 0.22 राइफल, 11 पोम्पी बंदूकें, 49 विस्फोटक उपकरण, हथगोले, आंसू गैस के गोले, गोला—बारूद और युद्ध जैसे भंडार मणिपुर हिल्स और अन्य इलाकों से बरामद किए गए।

## उत्तराखंड में अवैध मदरसे होंगे ब्लैकलिस्ट : मदरसा बोर्ड



देहरादून ,उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ अब मदरसा बोर्ड ने सख्त रुख अपनाया है। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने बुधवार को कहा कि जिन मदरसों में बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन होता है उन्हें बंद किया जाएगा।प्रदेश में अवैध मदरसे लगातार सुर्खियों में रहते हैं और अब मदरसा बोर्ड ने इन पर कार्रवाई करने की योजना बनाई है।

हाल ही में देहरादून में राज्य बाल आयोग की टीम ने आजाद कॉलोनी स्थित एक मदरसे का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान, यह पाया गया कि मदरसे का पंजीकरण नहीं था और वहां बच्चों को ज्यों–त्यों रखा गया था।

मुफ्ती शमून कासमी ने स्पष्ट किया कि जिन मदरसों में बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन होता है, वे सभी अवैध माने जाएंगे, चाहे वे रजिस्टर्ड हों या न हों। उन्होंने कहा कि यदि किसी मदरसे में अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो उन्हें संविधान और कानून के अनुसार काम करना होगा। मुफ्ती कासमी ने राज्य में 416 पंजीकृत मदरसों की जानकारी दी और अनुमान है कि लगभग इतने ही अपंजीकृत मदरसे भी होंगे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पहली बार है जब राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। इस सरकार में न तो कोई धार्मिक भेदभाव है और न ही किसी विशेष समुदाय के प्रति कोई पूर्वाग्रह। सरकार का लक्ष्य सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करना है, जिसमें अनाज का वितरण, आयुष्मान योजनाएं, और कच्चे मकान से लेकर पक्के मकान तक सभी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में एनसीईआरटी सिलेबस को शामिल किया गया है, ताकि गरीब से लेकर अमीर तक सभी बच्चों को शिक्षा मिल सके।

मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि यदि किसी मदरसे में कोई भी अनियमितता पाई जाती है, तो उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

### डेंगू का प्रकोप बढ़ने पर एक्शन मोड में सरकार, महामारी रोग घोषित

बेंगलुरु , कर्नाटक में डेंगू के मामलों में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। तेजी से बढ़ते मामलों के चलते सिद्दरमैया सरकार भी एक्शन मोड में आ गई है और उसने डेंगू को महामारी रोग घोषित कर दिया है। इसी के साथ सरकार ने अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि उन लोगों को दंडित किया जाए जो नियमों का पालन नहीं करते हैं। जो लोग मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए उपाय करने में विफल रहते हैं, उनपर भी कार्रवाई होगी। सरकार ने कर्नाटक महामारी रोग विनियमन 2020 में संशोधन भी पेश किए हैं, जिसमें लोगों को वेक्टर जनित रोग के प्रसार को रोकने में अधिक जिम्मेदार होने का आदेश दिया गया है। संशोधन में तीन श्रेणियों घरेलू, वाणिज्यिक और सक्रिय निर्माण क्षेत्रों में दंड का प्रस्ताव है।

**नियम न मानने पर 2000 रुपये तक का जुर्माना**

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के घरों के लिए सरकार ने जुर्माना 400 रुपये और 200 रुपये होगा। वाणिज्यिक कामों के लिए शहरी क्षेत्रों में जुर्माना 1,000 रुपये और ग्रामीण इलाकों में 500 रुपये होगा। मच्छरों के प्रजनन के लिए जगह उपलब्ध कराने वाले सक्रिय निर्माण क्षेत्रों के मालिकों पर शहरी इलाकों में 2,000 रुपये और ग्रामीण इलाकों में 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

## राज्य की शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को नहीं बख्शा जायेगा : धामी

**महिला अपराधों से जुड़ी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करें ,सीएम ने किया पुलिस मुख्यालय का औचक निरीक्षण**



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस मुख्यालय से संचालित महिला सुरक्षा हेल्पलाईन और पुलिस द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने और शांति भंग करने वाले अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों से जुड़ी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जरूरतमंद लोगों को पुलिस की सहायता तत्काल मिले। उन्होंने कहा कि राज्य की शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

मुख्यमंत्री ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि डेमोग्रेफी चेंज, धर्मान्तरण, लव जिहाद के प्रकरणों पर यथाशीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जाए तथा आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों पर नियमित निगरानी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए एवं प्रदेश में आने-जाने वालों पर निगरानी रखी जाए। अपराधों को कम करने की दिशा में लगातार कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला अपराधों को रोकने के लिए और उन्हें जल्द न्याय दिलाने के लिए वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाने, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, इंटेलीजेंस व्यवस्था को और मजबूत बनाये जाने और रात्रि पेट्रोलिंग की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

## कैबिनेट मंत्री महाराज ने रूद्रप्रयाग जिले को दी 28 करोड़ 57 लाख, 63 हजार की योजनाओं की सौगात

**• जनपद के विकास कार्यों हेतु 9 योजनाओं का लोकार्पण एवं 11 योजनाओं का हुआ शिलान्यास**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ एवं रुद्रप्रयाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने केदारनाथ विधानसभा हेतु 24 करोड़ 22 लाख 96 हजार रुपए की योजनाओं के साथ ही विकासखंडों हेतु कुल 4 करोड़ 34 लाख 67 हजार की विभागीय योजनाओं का भी लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस तरह कुल 28 करोड़, 57 लाख, 63 हजार की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। जिसमें 9 योजनाओं का लोकार्पण एवं 11 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश की उन्नति एवं प्रगति की दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को केदारनाथ यात्रा मार्ग में जो आपदा आई है उसमें प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के साथ त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करते हुए 15 हजार यात्रियों व स्थानीय लोगों का कुशल रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार केदारनाथ आपदा प्रभावित हुए लोगों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जिसमें चार धाम यात्रा, नंदा राजजात यात्रा, कांवड़ यात्रा बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को शीतकालीन में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयासरत है, जिसमें केदारनाथ की शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर, ऊखीमठ बदरीनाथ की शीतकालीन गद्दी स्थल पांडुकेश्वर, जोशीमठ, यमुनोत्री का खरसाली तथा गंगोत्री का शीतकालीन स्थल मुखवा में श्रद्धालु दर्शन करें। इस दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे एवं उनकी आर्थिकी भी मजबूत होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती अमरदेई शाह, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, पूर्व अध्यक्ष भाजपा वाचस्पति सेमवाल, विजय कप्रवाण, शकुंतला जगवाण, भारत भूषण भट्ट, बीना राणा, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, अधिशासी अभियंता लोनिवि इंद्रजीत बोस, ऊखीमठ मनोज भट्ट, सिंचाई खुशवंत सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### कैबिनेट मंत्री महाराज ने इन योजनाओं का किया लोकापर्ण और शिलान्यास

रूद्रप्रयाग : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जिन योजनाओं का लोकार्पण किया गया, उनमें पर्यटन विभाग की 1 करोड़ 18 लाख, संस्कृति विभाग की 8 लाख 70 हजार, पंचायती राज विभाग की 50 लाख, लोक निर्माण विभाग की 53 लाख, 46 हजार, 46 लाख 61 हजार व एक करोड़, 21 लाख 53 हजार के अलावा सिंचाई विभाग की 76 लाख 61 हजार की योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा विधानसभा केदारनाथ के अंतर्गत जिन विभागीय कार्यों का शिलान्यास किया गया उनमें विकासखंड ऊखीमठ के अंतर्गत पंचायत भवन चैमासी तथा पंचायत भवन जौला हेतु 20 लाख, ग्राम पंचायत खड़िया में पंचायत भवन का निर्माण सहित ग्राम पंचायत बड़ासू में रास्ता खडंजा निर्माण, ग्राम पंचायत जामू में कंजनपुर तोक से जागेश्वर मंदिर तक खडंजा सीसी मार्ग निर्माण, ग्राम पंचायत बड़ासू गांव से मां राज राजेश्वरी मंदिर तक खडंजा टाइल्स रास्ता निर्माण तथा ग्राम पंचायत देवली भणिग्राम में मुख्य मोटर मार्ग पर प्रवेश द्वार उक्त सभी कार्यों हेतु अलग–अलग 6 लाख 50 हजार, 6 लाख 50 हजार रूपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के तहत श्री केदारनाथ धाम में रामबाड़ा से गरूड़चट्टी तक पैदल मार्ग का निर्माण हेतु 5 करोड़ 50 लाख, 29 हजार, सीतापुर पार्किंग पहुंच मार्ग पर स्पान सेतु निर्माण हेतु 6 लाख, 55 हजार श्री केदारनाथ धाम क्षेत्रांतर्गत रामबाड़ा से गरुड़चट्टी पैदल मार्ग का चैड़ीकरण कार्य हेतु 2 लाख, 68 हजार रूपए, सिंचाई विभाग की 10 नंबर पर्वतीय सिंचाई नहरों के पुनरोद्धार की योजना हेतु 2 करोड़ दो लाख, पांच हजार, अगस्त्यमुनि एवं ऊखीमठ विकासखंड में 14 नंबर पर्वतीय सिंचाई नहरों के पुनरोद्धार की 3 करोड़ 12 लाख, विकास खंड अगस्त्यमुनि में 11 नंबर पर्वतीय सिंचाई नहरों के पुनरोद्धार की योजना हेतु एक करोड़, 92 लाख, 5 हजार, राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के अंतर्गत एक करोड़, 82 लाख 73 हजार, सोनप्रयाग पावर स्टेशन के समीप सोन नदी के बांये तट पर पार्किंग निर्माण हेतु 4 करोड़, 48 लाख रूपए आदि योजनाएं शामिल हैं। इस तरह कुल 28 करोड़ करोड़ सतावन लाख तिरेसठ हजार की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया।

### जिम कार्बेट संग्रहालय का किया लोकार्पण

रूद्रप्रयाग : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गुलाबराय में स्थित जिम कार्बेट संग्रहालय का 61 लाख 15 हजार की लागत से फर्निशिंग का बुधवार को लोकार्पण किया। मंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यहां पर जिम कार्बेट संग्रहालय की स्थापना होने से गुलाबराय स्थान को भी काफी प्रसिद्धि मिली है। बताया कि जिम कार्बेट अपने जमाने के मशहूर व शार्प शूटर थे। एक जमाने में रुद्रप्रयाग में आदमखोर हुए लेपर्ड को उन्होंने मार गिराया था। उनकी इस विशेषता को देखते हुए उन पर कई किताबें भी लिखी जा चुकी हैं। उनकी यादों की स्मृतियों को लेकर ही गुलाबराय में जिम कार्बेट संग्रहालय की स्थापना की गई है। जिससे लोग उनके जीवन से रूबरू हो सकेंगे। विदित है कि रुद्रप्रयाग में एक जमाने में आदमखोर बाघ की दहशत के चलते मशहूर शूटर जिम कार्बेट ने उसे मार गिराया था।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश न मानने पर गृह सचिव को अवमानना नोटिस



नैनीताल। प्रदेश की जेलों की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर हाईकोर्ट ने राज्य के गृह सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा है कि यदि 30 सितंबर तक सरकार आदेश का अनुपालन कर लेती है तो अवमानना कार्यवाही वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र दे। संबंधित जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद ये नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश को कई साल बीतने के बाद भी अनुपलन न करने को गंभीरता से लिया है। अदालत ने गृह सचिव को अवमानना का नोटिस जारी कर 30 सितंबर तक इसका अनुपालन करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई भी 30 सितंबर नियत की है। हाईकोर्ट ने कहा कि वह कई वर्षों से जेलों की व्यवस्थाओं को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए राज्य सरकार को वर्ष 2015 से बार–बार दिशा–निर्देश देता आ रहा है, लेकिन सरकार न तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रही है और न ही हाईकोर्ट के आदेश का। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने जेलों के सुधारीकरण के लिए सभी राज्यों को एक साथ आदेश दिए थे। अदालत ने कहा, कई राज्यों ने इसका पालन कर लिया है। कोर्ट ने आगे कहा कि जेलों की व्यवस्था तो छोड़िए, आज तक कैदियों को प्रतिदिन दिहाड़ी भी एक आम मजदूर से कम दी जा रही है।

यह है मामला– संतोष उपाध्याय एवं अन्य ने इस मामले में अलग–अलग जनहित याचिकाएं दायर की हैं। इसमें कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में एक आदेश जारी कर सभी राज्यों से कहा था कि वे अपने राज्य की जेलों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं। जेलों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। कैदियों की रहने की उचित व्यवस्था करें और उनकी मानसिकता का विकास करने के प्रयास किए जाएं।

### अमित शाह 6 सितंबर को जम्मू के दौरे पर जाएंगे, जारी करेंगे भाजपा का घोषणा पत्र

नई दिल्ली , जम्मू कश्मीर में 18 सितंबर से होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों ने अपने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 सितंबर को जम्मू की यात्रा पर जाएंगे। अपनी जम्मू यात्रा के दौरान, वह विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी करेंगे। वह एक कार्यकर्ता रैली को संबोधित भी करेंगे और प्रचार के लिए पार्टी की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान वह वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा जम्मू—कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अमित शाह की यात्रा से पहले, भाजपा ने जम्मू—कश्मीर में अपने चुनाव प्रचार को तेज कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से संपर्क कर रहे हैं और पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में जम्मू—कश्मीर के लोगों के लिए विभिन्न घोषणाएं और वादे शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी ने पहले ही कहा है कि वह जम्मू—कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## विभव को जमानत मिलने पर सुनीता केजरीवाल ने जाहिर की खुशी, स्वाति मालीवाल भड़की



नई दिल्ली ,राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने विभव कुमार को सशर्त जमानत दे दी। इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर खुशी जाहिर की, इस पर स्वाति मालीवाल का गुस्सा फूट पड़ा।दरअसल, विभव को जमानत मिलने पर सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हंसने वाली इमोजी के साथ लिखा, सुनूक भरा दिन। सुनीता के इस पोस्ट पर स्वाति मालीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री की पत्नी, जो मेरी पिटाई के दौरान घर पे ही थीं, उनको बड़ा सुकून महसूस हो रहा है। सुकून इसलिए कि वो आदमी जिसने मुझे उनके घर में पीटा और अभद्रता की, वो शर्तिया बेल पर आया है। सबको ये साफ़ संदेश है, महिलाओं को मारो पीटो, उसके बाद हम पहले गंदी ट्रोलिंग करवा देंगे, पीड़िता को पूरी तरह से बर्बाद करेंगे और कोर्ट में उस आदमी को बचाने के लिए देश के सबसे महंगे वकीलों की फ़ौज खड़ी कर देंगे! जिनको ऐसे लोगों को देखकर सुकून मिलता है उनसे बहन बेटियों की इज़्ज़त की क्या उम्मीद रखनी। प्रभु सब देख रहे हैं, इंसाफ़ होकर रहेगा। बता दें कि स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुख्य सचिव रहे विभव पर मारपीट का आरोप लगाया था, लेकिन विभव ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया था। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया था। उधर, विभव ने कहा कि स्वाति ने उसे धमकी दी थी कि उसे झूठे मामले में फंसा देगी। इसी के तहत अब उस पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन महिला सुरक्षा से जुड़ा मामला होने की वजह विभव पर फौरन गिरफ्तारी की गाज गिरी। इसके बाद, उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया।

## राहुल गांधी की दहाड़, बोले जम्मू—कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएंगे वापस, अब पीएम मोदी के झुक गए कंधे



जम्मू ,जम्मू—कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस ने अपनी प्रचार की शुरुआत कर दी है। कांग्रेस ने पहले चरण के चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारक के रूप में राहुल गांधी को उतारा है। जम्मू के रामबन में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बीजेपी पर जमकर बरसे और जम्मू—कश्मीर के लोगों को स्टेटहुड वापस दिलाने का वादा किया।उन्होंने कहा कि बीजेपी आज देश में नफरत फैला रही है। उनका काम नफरत फैलाने का है लेकिन हमारा काम मोहब्बत फैलाने का है। राहुल गांधी ने कहा कि नफरत को मोहब्बत से ही काटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में राज्यों का बंटवारा तो कई बार हुआ लेकिन पहली बार स्टेटहुड को छीना गया। जम्मू कश्मीर का स्टेटहुड छीना गया है। राहुल गांधी ने वादा किया है कि वह जम्मू—कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे। उन्होंने बीजेपी और केंद्र पर यह कर निशाना साधा कि यहां केवल राज्य को ही समाप्त नहीं किया गया बल्कि लोगों का अधिकार भी छीना गया। राहुल ने कहा कि हम चाहते थे कि पहले आपको राज्य का दर्जा वापस मिले फिर चुनाव हो, लेकिन बीजेपी ये नहीं चाहती है। उनका कहना है पहले चुनाव होगा फिर राज्य के दर्जे पर बात होगी।

**अब मोदी जी के कंधे झुक गएः राहुल**

राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी छाती चौड़ी कर के आते थे, अब उनके कंधे झुक गए हैं। इस बार उन्होंने संसद में घुसने से पहले संविधान माथे पर लगाया और फिर अंदर गए।

**बाहरी लोग उठा रहे सारा फायदा— राहुल**

राहुल गांधी ने जम्मू—कश्मीर के लोगों से कहा कि आज आपका धर्म और आपका सब कुछ आपसे छीना जा रहा है और सारा फायदा बाहर के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को बिजली के प्रोजेक्ट का फायदा नहीं मिल रहा। बिजली के प्रोजेक्ट का फायदा यहां के लोगों को मिलना चाहिए।

### मुश्किल में पूजा खेडकर, दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में पेश की स्टेटस रिपोर्ट

नई दिल्ली ,पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किल बढने वाली है। क्योंकि, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश की है। दावा किया जा रहा है कि इस रिपोर्ट में दिल्ली पुलिस ने बताया है कि पूजा खेडकर ने जो दिव्यांगता के दस्तावेज जमा कराए, वह जांच में फर्जी निकले हैं। बता दें कि सिविल सर्विस की परीक्षा के दौरान पूजा ने साल 2022 और 2023 में दो दिव्यांगता प्रमाण पत्र लगाए थे। बताया गया था कि यह प्रमाण पत्र उन्हें महाराष्ट्र के अहमदनगर चिकित्सा प्राधिकरण के द्वारा जारी किया गया था। अब दिल्ली पुलिस की जांच में चिकित्सा प्राधिकरण ने कहा है कि यह उनके द्वारा जारी नहीं किया गया है। साथ ही पूजा खेडकर ने सर्टिफिकेट में नाम भी बदला था।

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर लगा ग्रहण



मुंबई ,कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी बुरी तरह से विवादों में घिर गई है। अब फिल्म छह सितंबर को रिलीज नहीं होगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेंसर बोर्ड को तुरंत प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश देने से इंकार कर दिया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा किया तो यह मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश का खंडन होगा। बता दें कि अभी तक कंगना रनौत की फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिला है।

सुनवाई के दौरान बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि वह सीबीएफसी को प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश नहीं दे सकता, क्योंकि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पहले ही सेंसर बोर्ड को जबलपुर सिख संगत द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों पर निर्णय लेने का आदेश दिया है। सिख संगत ने फिल्म और इसके ट्रेलर पर आपत्ति जताई है। हाईकोर्ट ने सीबीएफसी को आदेश दिया है कि वह जबलपुर सिख संगत या किसी अन्य द्वारा की गई आपत्तियों पर 18 सितंबर तक निर्णय ले।

## संपादकीय

# कानून प्रबंधन पर राजनीति

उत्तराखंड में अपराधों को लेकर राजनीति का खेल भी शुरू हो गया है। कांग्रेस को मानो अंकित हत्याकांड के बाद सरकार को कानून व्यवस्था पर गिरने के लिए एक नया मुद्दा मिल गया है। कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़ते अपराधों के बाद बयान दिया है कि नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए, तो वहीं भाजपा ने भी पलटवार में कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दे डाली और उन्हें अपने कांग्रेस कार्यकाल का आंकलन करने की नसीहत दी जब शिकायतें दर्ज करने के लिए भी पीड़ितों को थाने चौकिया में एड़ियां रगड़नी पड़ती थी। उत्तराखंड में जल्द ही केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं और कांग्रेस अभी से विभिन्न मुद्दों को लेकर हवा बनाने की तैयारी में है। उत्तराखंड के चर्चित अंकित हत्याकांड मामले में कांग्रेस ने जबरदस्त राजनीतिक पारी खेली थी हालांकि इससे पहले ही इस प्रकरण में तीन आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया। कांग्रेस को इस समय एक मजबूत मुद्दा चाहिए और वह मुद्दा कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस के हाथ में आया है। कांग्रेस अब हिंसा, बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं , चेन व मोबाइल स्नैचिंग, दिन दहाड़े हो रही लूट और डकैती की घटनाओं के बाद मुखर नजर आने लगी है और वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को राज्य में लोकशाही नही बल्कि राजशाही या तानाशाही की संज्ञा दे दी है। इधर मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दो दिनों में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकों एवं पुलिस मुख्यालय का दौरा यह बयान कर रहा है कि राज्य में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार की ओर से जल्द कोई बड़ा एक्शन लेने की तैयारी की जा सकती है। अपराधों पर अंकुश लगाने का कार्य राज्य पुलिस का है और इसमें कम से कम राजनीति का मिश्रण नजर नही आना चाहिए। राजनेताओं को भी चाहिए कि पुलिस को अपना कार्य करने दे और कोई ऐसी हरकत या बयानबाजी ना करें जो अपराधियों के मंसूबों को संरक्षण देती हों। अपराध तो कांग्रेस के शासनकाल में भी हुए थे और कई प्रकरण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहे लेकिन इसके मायने यह नहीं की कोई भी पार्टी अपराधों को संरक्षण देने का समर्थन करती हो।

# भाजपा का चुनावी मशीनरी पर से भरोसा उठा

**हरिशंकर व्यास**

लाख टके का सवाल है कि चार राज्यों में विधानसभा के चुनाव भाजपा को कौन लड़ा रहा है? दो राज्यों में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। जम्मू कश्मीर में पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन खत्म हो गया है और प्रचार शुरू है, जबकि दूसरे चरण के मतदान के लिए पर्चा भरने की प्रक्रिया चल रही है। हरियाणा में पांच सितंबर को अधिसूचना जारी होगी और उसी दिन से नामांकन शुरू होगा। इन दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे चार अक्टूबर को आएंगे और उसके तुरंत बाद चुनाव आयोग महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव की घोषणा करेगा। सवाल है कि क्या इन चार राज्यों में भाजपा की प्रदेश कमेटियां चुनाव लड़ या लड़वा रही हैं या राज्यों के प्रभारी चुनाव लड़वा रहे हैं या चारों राज्यों में नियुक्त चुनाव प्रभारियों के पास चुनाव लड़ाने का जिम्मा है या इससे अलग कोई व्यक्ति या संगठन पार्टी को चुनाव लड़ा रहा है?



ऐसा लग रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा का अपनी चुनावी मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है। उसने भाजपा के संगठन और साथ ही राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के नेटवर्क को ताक पर रख दिया है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा एडहॉक तरीके से काम कर रही है, यह दिख रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का विस्तारित कार्यकाल भी खत्म गया है लेकिन पार्टी ने उनको फिर से एक सेवा विस्तार देने की औपचारिकता नहीं निभाई। वे ऐसे ही अध्यक्ष बने हुए हैं। यही हाल सभी प्रदेश कमेटियों का है। हर जगह प्रदेश कमेटियां सिर्फ हैं, उनको कोई काम नहीं करना है। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं वहां भी भाजपा ने उनको किनारे ही करके रखा है।

जम्मू कश्मीर में भाजपा का पूरा संगठन ही शिथिल कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पसंद से राम माधव को कश्मीर घाटी की राजनीति संभालने के लिए भेजा है। चार साल पहले पार्टी महासचिव पद से हटा कर उन्हे बियाबान में भटकने के लिए छोड़ दिया गया था। वे भाजपा और संघ दोनों से बाहर थे। हालांकि परदे के पीछे से वे प्रधानमंत्री के लिए विदेश मामलों में कुछ काम करते थे लेकिन राजनीतिक भूमिका नहीं बची थी। उन्होंने चूंकि कश्मीर घाटी की पार्टियों खास कर पीडीपी के साथ अच्छे संबंध बनाए हैं और सज्जाद लोन या अल्ताफ बुखारी जैसे नेताओं के साथ भी कामकाजी रिश्ते हैं तो उनको वहां की राजनीति संभालने के लिए भेजा गया है। जम्मू की राजनीति पहले जितेंद्र सिंह कर रहे थे लेकिन अब नेशनल कॉन्फ्रेंस में लंबे समय तक रहे उनके भाई देवेंद्र सिंह को भाजपा में शामिल कराया गया है। सोचें, वे उमर अब्दुल्ला के राजनीतिक सलाहकार थे। उनके जिम्मे जम्मू की राजनीति है। भाजपा के अपने पुराने चेहरे गायब हैं। पूर्व मुख्यमंत्री निर्मल सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कविंद्र गुप्ता दोनों की टिकट की घोषणा नहीं हुई है। भाजपा ने पहले जी किशन रेड्डी को वहां का प्रभारी बनाया था लेकिन अब रेड्डी को राम माधव के साथ काम करना है।

इसी तरह हरियाणा में भाजपा ने पिछले 10 साल से गैर जाट की राजनीति की है और इसी वजह से उसको सफलता भी मिली लेकिन चुनाव से ऐन पहले उसने कांग्रेस की किरण चौधरी को पार्टी में शामिल कराया और राज्यसभा भेज दिया। दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा सांसद बनने से खाली हुई राज्यसभा सीट पर किरण चौधरी उच्च सदन में गई हैं। अब किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ प्रचार कर रहे हैं। सोचें, हरियाणा में भाजपा के तमाम पुराने नेता रामबिलास शर्मा, अनिल विज, ओमप्रकाश धनखड़, कैप्टेन अभिमन्यु आदि हाशिए में हैं और परिवारवाद के कथित विरोधी नरेंद्र मोदी की पार्टी में हरियाणा के तीनों लालों के परिवार के सदस्य राजनीति कर रहे हैं। देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला, बंशीलाल की बहू किरण चौधरी व पोती श्रुति चौधरी और भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई, बहू रेणुका बिश्नोई और पोते भव्य बिश्नोई भाजपा की राजनीति के चेहरे हैं।

झारखंड में भाजपा की राजनीति अब पूरी तरह से हिमंत बिस्व सरमा के हाथ में है। वहां बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष हैं, लक्ष्मीकांत वाजपेयी प्रदेश के संगठन प्रभारी हैं और शिवराज सिंह चौहान चुनाव प्रभारी हैं लेकिन भाजपा को चुनाव लड़ा रहे हैं चुनाव के सह प्रभारी हिमंत बस्वा सरमा। पार्टी में किसको शामिल किया जाए, किसको नहीं शामिल किया जाए, किसको टिकट दी जाएगी, किसको कहां चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी, यह सब वे तय कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन को भाजपा में शामिल कराया है। अब कोल्हान की 15 सीटों पर चम्पई भाजपा को चुनाव लड़ाएंगे, जबकि उस इलाके में अर्जुन मुंडा जैसा बड़ा नेता भाजपा के पास पहले से है। कुछ दिन पहले ही मधु कोड़ा और उनकी पत्नी गीता कोड़ा भी भाजपा में शामिल हुए। ये दोनों भी कोल्हान इलाके के ही नेता हैं। प्रदेश भाजपा के सारे नेता हिमंत बिस्व सरमा के मोहताज हैं। सोचें, वे महज आठ नौ साल पहले कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए थे। अभी वे असम के मुख्यमंत्री हैं और पार्टी में अघोषित रूप से नंबर तीन की हैसियत उनकी बन गई है।

महाराष्ट्र का चुनाव सबसे ज्यादा उलझा हुआ है। पांच साल सरकार चलाने के बाद देवेंद्र फडनवीस प्रदेश की राजनीति में और भाजपा के अंदर भी सबसे मजबूत चेहरे के तौर पर उभरे थे। लेकिन पता नहीं किस राजनीति के तहत उनको पूरी तरह से खत्म कर दिया गया। उनकी सरकार में मंत्री रहे एकनाथ शिंदे को शिव सेना से लाकर मुख्यमंत्री बनाया गया और उनको शिंदे की सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने को मजबूर किया गया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन अजित पवार के ऊपर 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था उनको भी एनडीए में शामिल किया गया और उप मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पोल खुल गई। पहले तो भाजपा को लग रहा था कि शिंदे शिव सैनिकों के वोट दिला देंगे और अजित पवार मराठा वोट ला देंगे लेकिन लोकसभा चुनाव में सबको साथ मिला कर एनडीए 48 में से सिर्फ 17 सीट जीत पाया, जहां पिछली बार 41 सीटें मिली थीं। इसी अनुपात में अगर विधानसभा में नुकसान हुआ तो पूरा एनडीए एक सौ सीट तक नहीं पहुंच पाएगा। कुल मिला कर स्थिति यह है कि देवेंद्र फडनवीस हाशिए में हैं और एकनाथ शिंदे व अजित पवार से कोई उम्मीद नहीं है। क्या अमित शाह और भूपेंद्र यादव मिल कर चुनाव लड़ाएंगे?

# राज्यों के विधानसभा चुनाव

**अजय दीक्षित**

पिछले दिनों चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है, परन्तु उसने झारखण्ड और महाराष्ट्र के चुनावों की तारीखें नहीं बतलाई । पिछली बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव एक साथ हुये थे । चुनाव आयोग पर आरोप है कि वह केन्द्र की सरकार के दबाव में काम करता है । महाराष्ट्र में भाजपा की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है । अजित पवार फैन्स (दीवार के किनारे) बैठे हैं । वे शरद पवार के निकट भी बने रहना चाहते हैं । यूं अभी वे शिंदे की सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं । अगली बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनायेगी । यह बात शिंदे गुट के शिवसेना को पसंद नहीं होगी । राज ठाकरे भी अपनी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ चुनाव में उतरना चाहता है । झारखण्ड में भाजपा की स्थिति कुछ बेहतर है । चम्बई को भाजपा अपने में मिलाना चाहती थी पर चम्बई सोरेन ने अपनी अलग पार्टी बनाने की घोषणा कर दी । उत्तरप्रदेश की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखें भी घोषित नहीं हुई है जबकि राज्य की विधानसभा का कार्यकाल कुछ ज्यादा नहीं बचा है ।

जम्मू कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस व कांग्रेस का गठजोड़ हो रहा है । इस बार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कांग्रेस से दस सवाल पूछ रहे हैं कि क्या वह 370 और 35ए को बहाल करेंगे । क्या पाकिस्तान के प्रति उनका क्या रुख है? क्या वह कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने के पक्ष में हैं, आदि आदि ।

परन्तु विपक्ष उनसे पूछ रहा है कि उमर अब्दुल्ला वाजपेयी जी के काल में विदेश मंत्री थे । विदेश मंत्री को भारत की अखण्डता का नक्शा दुनिया के सामने रखना पड़ता है । स्मृति ईरानी और शाह कांग्रेस से सवाल पूछ रहे हैं तो इण्डिया गठबन्धन भी भाजपा से सवाल पूछ रहा है कि पी.डी.पी. के साथ भाजपा ने कश्मीर में सरकार कैसे बनाई थी । मेहबूबा मुफ्ती की पी.डी.पी. ने भी अपने घोषणा पत्र में पुनः कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिलाया जायेगा । असल में भाजपा से भी कुछ असुविधाजनक सवाल पूछे जा रहे हैं । मेहबूबा के मुख्यमंत्री काल में भाजपा उप मुख्यमंत्री रहीं है । असल में अभी भी कश्मीर में सब कुछ ठीक नहीं है । हर दिन पाकिस्तान से आतंकवादी घुसपैठ करते हैं । बहुत से सेना के अधिकारी और सोल्जर शहीद हो चुके हैं ।

मोहन भागवत ने पिछले दिनों कहा था कि विपक्ष को अपना विरोधी न मानकर उसे प्रतिपक्ष कहना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा था कि काम तो करो पर यह अभिमान मत पालो कि मैंने किया था । इधर लग रहा है कि भाजपा को कई मामलों में अपने पैर खींचने पड़ रहे हैं । लैटरल इंट्री वाला विज्ञापन वापिस लेना पड़ा । कई विधेयकों को वापस लेना पड़ता है या होल्ड पर डाल दिया जाता है । मुस्लिम बिल को पार्लियामेंट कमेटी को भेजना पड़ा है ।

कश्मीर के मसले पर यदि भाजपा कांग्रेस को घेरती है तो विपक्ष भाजपा और पी.डी.पी. के साथ उसके सम्बन्धों को उजागर करेगी । यूं तो सभी टी.वी. चैनल प्रो सरकार हैं यानि प्रो भाजपा । पहले एन.डी.टी.वी. पर रवीश कुमार का प्रोग्राम आता था । अब एन.डी.टी.वी. अडानी ग्रुप के पास है, अतः रातोंरात रवीश कुमार की छुट्टी कर दी गई । लोग कहते हैं कि अमित शाह ने मुफ्ती मेहबूबा को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया था । यूं प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह किसी को फूलों का गुलदस्ता भेंट नहीं करते । वे तो प्राप्त करते हैं ।

असल में वर्तमान की घटना भविष्य में क्या रूप लेगी यह किसी को नहीं मालूम । कहते हैं कि भविष्य पुराण में भविष्य का सभी कुछ वर्णित है । पर यह शायद राजनीति पर लागू नहीं होता । चुनाव में जीत हार का असर देश में जो तरक्की हो रही है, उसे पर नहीं पडना चाहिए । इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को कुछ कदम बढ़ाकर पास–पास आना होगा । यही भारत का भविष्य है ।

# विपक्ष को समझना चाहिए

**शकील अख्तर**

सीबीआई ने चार्जशीट सौंपी है एक आरोपी के खिलाफ उसके अलावा अभी तक कोई सबूत नहीं है। मगर आंदोलन को और तेज और लंबा किया जा रहा है। बुधवार को बंगाल बंद है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर। उससे पहले मंगलवार के प्रदर्शन में किस तरह पत्थर फेंके गए, पुलिस वाले घायल हुए। उसके बावजूद बुधवार को बंद का काल दिया गया, खुद भाजपा द्वारा। देश में कहीं और आंदोलन हो तो प्रधानमंत्री कहते हैं आन्दोलनजीवी। परजीवी। अरबन नक्सल। किसानों को कहा गया आतंकवादी, खालिस्तानी, मवाली देश को पूरा बेवकूफ समझ रखा है।बंगाल में बीजेपी निर्भया प्रयोग दोहरा रही है। जैसे दिल्ली में निर्भया बलात्कार में आरोपी गिरफ्तार होने के बाद भी बीजेपी और उसके उस समय के मुखौटे अन्ना हजारे आन्दोलन चलाते रहे और पहले दिल्ली की राज्य सरकार और फिर केन्द्र सरकार को जाना पड़ा वैसे ही वह अब एक और बलात्कार के जरिए पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को गिराना चाहते हैं।कोलकाता में भी आरोपी गिरफ्तार हो गया है। और भाजपा की केन्द्र सरकार जिस सीबीआई से जांच चाहती थी उसने अपनी जांच के बाद आरोप पत्र पेश करते हुए साफ कहा है कि यह गेंग रेप नहीं था। मगर इसके बाद भी मीडिया में झूठे गेंग रेप के आरोपियों के नाम चलाए जा रहे हैं। मीडिया और भाजपा समर्थकों को मालूम है कि रेप करने वाले यह यह थे। मगर सीबाआई को नहीं मालूम। अगर ऐसा झूठ किसी भाजपा शासित राज्य में कोई कहता तो यह मीडिया तूफान मचा देता।

बलात्कार पर राजनीति सबसे गंदी बात है। और यह शुरू की अन्ना हजारे उनके दाएं बाएं जुटे बहुत सारे चर्चित नाम और उनके पीछे छुपे संघ और भाजपा ने। निर्भया बलात्कार के बाद सारे आरोपी गिरफ्तार हुए। निर्भया को बेहतर इलाज के लिए सिंगापुर भेजा गया। उसके परिवार को सुरक्षा और हर तरह की सहायता दी। बाद में पता चला और तब जब निर्भया के भाई ने खुद बताया कि उस पायलट राहुल गांधी ने पायलट बनवाया। चुपचाप सारी व्यवस्थाएं कीं।

मगर इन सबके बावजूद केन्द्र और दिल्ली की राज्य सरकार के खिलाफ आन्दोलन चलता रहा। इंडिया गेट पर जाकर मोमबत्ती जलाते थे। पुलिस वालों को ठुल्ला बोलकर उनके साथ धक्का मुक्की करते थे। यूपीए की सरकार ने सख्त आदेश दे रखे थे कि पुलिस सयंम रखे। गृह राज्य मंत्री की ड्यूटि लगाई कि वह रात को बस में चले और महिला सुरक्षा के इंतजाम देखे।मीडिया में अगर जरा सी भी ईमानदारी है तो वह बताए कि क्या निर्भया के बाद कार्रवाई करने में सरकार ने कोई चूक की? कांग्रेस की सरकार थी दोनों जगह केन्द्र और दिल्ली राज्य में क्या कोई भी राजनीति की? मीडिया में अगर ईमानदारी बची भी है तो हिम्मत नहीं है।

उस समय के सच को कोई स्वीकार नहीं करता है। अन्ना हजारे कहां भागे यह तक कोई नहीं पूछता है। उनके साथ वालों में किसी में हिम्मत नहीं है कि वह उस समय के नकली आन्दोलन के लिए माफी मांग ले। एक विनोद राय सीएजी की माफी जरूर हमने देखी थी। जो उन्हें कोर्ट में मांगना पड़ी कि उन्होंने 2 जी में गलत आरोप लगाए थे। उनके पास कोई सबूत नहीं थे।कोलकाता का मामला भी ठीक बिल्कुल वैसा ही है। जो सीबीआई ने चार्जशीट सौंपी है एक आरोपी के खिलाफ उसके अलावा अभी तक कोई सबूत नहीं है। मगर आंदोलन को और तेज और लंबा किया जा रहा है। बुधवार को बंगाल बंद है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर। उससे पहले मंगलवार के प्रदर्शन में किस तरह पत्थर फेंके गए। पुलिस वाले घायल हुए। उसके बावजूद बुधवार को बंद का काल दिया गया, खुद भाजपा द्वारा। देश में कहीं और आंदोलन हो तो प्रधानमंत्री कहते हैं आन्दोलनजीवी। परजीवी। अरबन नक्सल। किसानों को कहा गया आतंकवादी, खालिस्तानी, मवाली।

देश को पूरा बेवकूफ समझ रखा है। सोचते हैं जो कहेंगे मान लेगा। लेकिन हर चीज की एक सीमा होती है। लोगों की सहज बुद्धि को कामन सेंस को आप हमेशा के लिए दबा कर नहीं रख सकते। अभी के लोकसभा चुनाव ने यह बता दिया। मोदी जी ने वही सारी कोशिशें की। आपकी भेंस उठा कर ले जाएंगे, मंगल सूत्र छीन लेंगे !बिल्कुल वैसा ही जैसे शोले में धर्मेन्द्र कहत है आंधी आएगी, तूफान आएगा, भूखमरी आएगी, सूखा आएगा और भी पता नहीं क्या क्या! वैसे ही मोदी जी ने क्या क्या कहा किसीके लिए भी याद करने बहुत मुश्किल है।

हां, मगर जैसे धर्मेन्द्र इंसान के रूप में नहीं उपर से कोई आकाशवाणी हो यह बता रहा था वैसे ही हमारे प्रधानमंत्री ने कह दिया कि मैं तुम लोगों की तरह जन्मा या नष्ट होने वाला नहीं हूं। मैं नान बायलोजिकल हूं। मतलब जिस तरह तुम सब लोग मां के गर्भ से जन्म लेते हो वैसा मैंने नहीं लिया। अवतार हूं मैं। मगर जनता ने क्या किया? जमीन पर उतार दिया। बहुत ऊपर जा रहे थे। चार सौ पार। नीचे 240 पर लाकर पटक दिया। साधारण बहुमत से भी कम। अब रात दिन जेडीयू, चन्द्र बाबू नायडू, चिराग पासवान, जितनराम मांझी, जयंत चौधरी की तरफ देखना पड़ता है। एक के बाद एक फैसले वापस ले रहे हैं। अभी वक्फ बिल पर जेडीयू ने कह दिया कि हम जेपीसी में मुसलमानों की चिंताओं की बात उठाएंगे। चिराग पासवान पहले ही कह चुके हैं। बिहार में चुनाव होने वाले हैं। अगले साल तो निर्धारित हैं। मगर जैसे तेवर जेडीयू दिखा रहा है उससे लगता है समय पूर्व भी हो सकते हैं। चिराग पासवान पूरी तरह अपने पिता रामविलास पासवान के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।

# मिन्नल मुरली स्टार टोविनो थॉमस की पैन–इंडिया फिल्म एआरएम का ट्रेलर रिलीज

मिन्नल मुरली और 2018 जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए जाने जाने वाले अभिनेता टोविनो थॉमस जल्द ही पैन–इंडिया फिल्म एआरएम में नजर आएंगे. इस फिल्म का थिएट्रिकल ट्रेलर अब रिलीज हो चुका है, और इसे लेकर फैंस में खासा उत्साह है. एआरएम एक फैंटेसी फिल्म है, जिसे डेब्यू निर्देशक जितिन लाल ने निर्देशित किया है. फिल्म में टोविनो के साथ कृति शेट्टी, ऐश्वर्या राजेश और सुरभी लक्ष्मी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी. एआरएम का निर्माण लिस्टिन स्टीफन और डॉ. जक़ारिया थॉमस ने किया है, और यह टोविनो थॉमस की 50वीं फिल्म है. फिल्म का बड़े पैमाने पर छह भाषाओं – मलयालम, हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में पैन–इंडिया



रिलीज किया जाएगा. एआरएम 12 सितंबर 2024 को ओणम के अवसर पर रिलीज होगी. फिल्म की स्टार कास्ट में कृति शेट्टी, ऐश्वर्या राजेश, सुरभि लक्ष्मी, बेसिल जोसेफ, जगदीश, हरीश उत्तमन, हरीश पेराडी, प्रमोद शेट्टी और रोहिणी शामिल हैं। सुजीत नांबियार ने पटकथा लिखी है और डिबू नैनन थॉमस ने इस महान कृति के लिए संगीत दिया है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और महत्वाकांक्षी परियोजना के दायरे के साथ, एआरएम एक शानदार प्रभाव डालने के लिए तैयार है। एआरएम टोविनो थॉमस के करियर की एक ऐतिहासिक फिल्म है, जो उनकी 50वीं परियोजना है। फिल्म के प्रति उनका समर्पण तीनों व्यक्तित्वों के उनके चित्रण में स्पष्ट है, जिसके लिए उन्होंने कलारीपयट्टू में व्यापक प्रशिक्षण लिया। फिल्म की सफलता का बहुत अधिक अनुमान है, और इसकी रिलीज़ एक शानदार आयोजन होने की उम्मीद है, जिसमें प्रमुख उद्योग खिलाड़ी कई भाषाओं में वितरण का काम संभालेंगे।

## फिल्म द बकिंघम मर्डर्स से करीना कपूर ने दिखाई अपनी नई झलक

करीना कपूर पिछले काफी समय से फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म से उनके कई पोस्टर सामने आ चुके हैं, जिसके बाद उनकी इस फिल्म की रिलीज को लेकर लोगों की उत्सकुता बढ़ गई है।हाल ही में फिर करीना ने फिल्म से अपनी झलक सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को दिखाई। इसी के साथ अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उनकी इस फिल्म का ट्रेलर कब रिलीज हो रहा है।

करीना ने जो नया पोस्टर फिल्म से साझा किया है, इसमें उनका लुक एकदम अलग है। उनका गंभीर अवतार देखने को मिल रहा है। वह किसी को संदिग्ध नजरों से देख रही हैं।पोस्टर साझा कर करीना ने लिखा, ट्रेलर 3 सितंबर आएगा, मिलते हैं।हाल ही में निर्माताओं ने इस फिल्म का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज किया था, जो एक जासूस के रूप में उनके किरदार के अलग–अलग रंग सामने लाता है।

# नवारो ने बडोसा को हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया

न्यूयॉर्क, 13वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने दूसरे सेट में 1–5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन महिला एकल चर्टर फाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई।

अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए, नवारो ने दूसरे सेट में आश्चर्यजनक वापसी करते हुए 6–2, 7–5 से जीत दर्ज की और यूएस ओपन के अंतिम चार में प्रवेश किया। यह परिणाम अगले सप्ताह उसकी पहली शीर्ष 10 रैंकिंग की गारंटी देगा। 23 वर्षीय अमेरिकी ने अपना



सफल सीजन् जारी रखा है, जिसमें उन्होंने जनवरी में होबार्ट में पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था।

मैच में दोनों खिलाड़ी पूर्व प्रमुख चर्टरफाइनलिस्ट थे जो आगे बढने् की कोशिश कर रहे थे। बडोसा को 2021 में रौलां गैरो में अपने पहले स्लैम चर्टरफाइनल के बाद फिर से अंतिम आठ चरण में पहुंचने में तीन साल लग गए, जबकि नवारो ने इस साल यूएस ओपन में अपने विंबलडन चर्टरफाइनल पदार्पण के बाद एक और शानदार प्रदर्शन किया।

नवारो ने अंतिम 28 में से 24 अंक जीतकर मैच समाप्त कर दिया। अपने पिछले मुकाबले में, बडोसा ने एक सेट और 2–0 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इस मई में रोम में नवारो को 1–6, 6–4, 6–2 से हराया। उनका रीमैच 72 मिनट की अधिकांश अवधि में समान रूप से करीबी था।

# बॉक्स ऑफिस पर नानी की सारिपोधा सानिवारम ने मचाया धमाल, वर्ल्डवाइड 70 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म

नानी की नवीनतम फिल्म, सारिपोधा सानिवारम ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है, इसने अपने प्रदर्शन के चार दिन पूरे कर लिए हैं और इसकी गति धीमी होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। 29 अगस्त, 2024 को रिलीज़ हुई, एक्शन ड्रामा ने चौथे दिन 10+ करोड़ रुपये की प्रभावशाली कमाई की है, जिससे कुल वैश्विक कमाई 68.52 करोड़ रुपये हो गई है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश के बावजूद, जिसने विजयवाड़ा और गुंटूर जैसे प्रमुख शहरों में दर्शकों की संख्या को प्रभावित किया, फिल्म ने अभी भी दुनिया भर में केवल चार दिनों में 40 करोड़ रुपये के करीब की कमाई करने में



कामयाबी हासिल की है। अमेरिका में फिल्म का प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है, जहां देश में नानी के मजबूत प्रशंसक आधार की बदौलत 2 मिलियन डॉलर के करीब कलेक्शन हुआ है। एक्शन एपिसोड दिखाने में निर्देशक विवेक अथरेया की विशेषज्ञता की प्रशंसा की गई है, जबकि जेक्स बेजॉय का बैकग्राउंड म्यूजिक फिल्म का मुख्य आकर्षण रहा है। इस सप्ताह कोई बड़ी रिलीज नहीं होने के कारण, सारिपोधा सानिवारम बड़ी कमाई करने के लिए तैयार है, हालांकि इसे सुरक्षित क्षेत्र में रहने के लिए 45 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करनी होगी। दशहरा और हाय नन्ना के बाद, नानी सारिपोधा सानिवारम के साथ हैट्रिक बनाने की कगार पर है, जो अपने पहले सप्ताह में ही मुनाफे में प्रवेश करने की कगार पर है। फिल्म के निर्माताओं ने पहले ही नेटफ्लिक्स को ओटीटी अधिकार आकर्षक कीमत पर बेच दिए हैं, जिससे अच्छा मुनाफा सुनिश्चित हो गया है।

## ईशान किशन दिलीप ट्रॉफी से भी हुए बाहर, संजू सैमसन को मौका

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन दिलीप ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं. टीम इंडिया से बाहर चल रहे किशन को उम्मीद थी कि वे इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय टीम में वापसी की राह तलाशेंगे लेकिन उनकी किस्मत ने यहां भी साथ नहीं दिया.

ईशान किशन को बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली इंडिया डी में शामिल किया था. 5 सितंबर को पहला मैच खेला जाना था लेकिन ईशान पहले मैच से बाहर हो गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक ईशान की बाएं हाथ में चोट लगी है. संभव है वे ओपनिंग मैच के अलावा बाद के मैचों के लिए भी उपलब्ध न हो. उनके विकल्प के रूप में संजू सैमसन के नाम का ऐलान हो सकता है.भारतीय टीम में वापसी के लिए ईशान किशन अब घरेलू टूर्नामेंट में खेल रहे हैं. दिलीप ट्रॉफी से पहले वे बुची बाबू टूर्नामेंट में खेले थे और झारखंड की कप्तानी की थी. ईशान ने इस टूर्नामेंट में शतक जड़ा था.

# सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत

पेरिस,भारत ने बुधवार को पदकों का खाता पुरुषों की एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में खोला। सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने 16.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। सचिन बस 0.06 मीटर से स्वर्ण पदक चूक गए। सचिन ने दूसरे प्रयास में ही 16.32 मीटर का थ्रो किया था। हालांकि, वह इससे ऊपर निकलन में कामयाब नहीं हो सके। कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत के मोहम्मद यासेर आठवें और रोहित कुमार नौवें स्थान पर रहे। गोला फेंक के फाइनल में सचिन का पहला प्रयास 14.72 मीटर, दूसरा प्रयास 16.32 मीटर, तीसरा प्रयास 16.15 मीटर, चौथा प्रयास 16.31 मीटर, पांचवां प्रयास 16.03 मीटर और छठा (आखिरी) प्रयास 15.95 मीटर का रहा। उन्होंने 16.32 मीटर के थ्रो के साथ एरिया रिकॉर्ड भी बनाया। यह भारत का पेरिस पैरालंपिक 2024 में 21वां पदक रहा। सचिन ने 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की शॉट पुट एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।उन्होंने 16.21 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पदक अपने नाम किया था। उन्होंने 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भाग लिया , जिसमें उन्होंने इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। यासेर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.21 मीटर का और रोहित का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.10 मीटर का रहा। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ–पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है।

महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले सचिन स्कूली दिनों में एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके।

# विश्व गुरु की राह पर आगे बढ़ रहा भारत : दीप्ति

## भाजपा महिला राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने की पत्रकारों से वार्ता


कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करती भाजपा महिला राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी की महिला राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु की राह पर आगे बढ़ रहा है। आज हर कोई भाजपा की विचारधार से जुड़ना चाहता है। कहा कि भाजपा सिद्धांतों व आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। हमारा उद्देश्य सत्यापन के साथ घर-घर भाजपा की विचारधार को पहुंचाना है।

नजीबाबाद रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए दीप्ति रावत ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता व पदाधिकारी लगातार मेहनत कर रहे हैं। कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है। भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी हर सेवा में सबसे आगे रहते हैं। हमारा उद्देश्य सेवा से संगठन को आगे बढ़ाने का है। कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा 11 करोड़ कार्यकर्ताओं को जोड़कर विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन गया था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विश्वगुरु बनाने का संकल्प लिया है और उस सोच के साथ वह कार्य भी कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, जगमोहन रावत, मोहन सिंह नेगी, विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

# श्री केदारनाथ धाम तक स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क हैली सेवाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : बीती 31 जुलाई को केदारघाटी में हुई अतिवृष्टि के बाद केदारनाथ धाम की यात्रा अवरुद्ध हो गई थी। हालांकि इस बीच राज्य सरकार के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा यात्रा को पुनः संचालित करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किए गए हैं। अब धीरे-धीरे श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पुनः पटरी पर आने लगी है। आशा व्यक्त की जा रही है कि द्वितीय चरण की यात्रा आगामी 15 सितंबर से निर्बाध ढंग से व वृहद स्तर पर संचालित होना शुरू हो जाएगी।

जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा श्री केदारनाथ धाम के लिए स्थानीय लोगों के आवागमन हेतु विशेष रूप से हैली का संचालन किया जा रहा है। अतिवृष्टि के बाद ऐसे व्यापारी जो केदारनाथ में स्वयं का व्यवसाय कर रहे थे तथा उनका रेस्क्यू कर वापस लाया गया था। उनके लिए गुरूवार से निःशुल्क हैली सेवा प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस विशेष हैली सेवा का संचालन हिमालय शेरसी हैलीपैड़ से किया जाएगा। उन्होंने इच्छुक स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग श्री केदारनाथ में दर्शन करने अथवा अपना व्यवसाय हेतु जाना चाहते हों वो अपने व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज सहित अपना संपूर्ण विवरण संबंधित ग्राम प्रधान को उपलब्ध कराएं ताकि आवश्यक औपचारिकताओं के बाद उन्हें हैली के माध्यम से केदारनाथ धाम पहुंचाया जा सके।

# छः पेटी शराब के साथ युवक गिरफ्तार


कोतवाली पुलिस की हिरासत में शराब के साथ पकड़ गया युवक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने छः पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को उन्हें सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर, नजीबाबाद, ग्राम पूरनपुर निवासी अमित शर्मा दिल्ली फार्म रोड में अवैध शराब के साथ घूम रहा है।

बताया कि आरोपित के कब्जे से छः शराब की पेटियां बरामद कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बॉलीवॉल प्रतियोगिता में रिखणीखाल ने नैनीडांडा को हराया


कोटद्वार के राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में वालीबाल में जूझते खिलाड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत आयोजित बॉलीवॉल बालक वर्ग की प्रतियोगिता में रिखणीखाल ने नैनीडांडा को हराया। इस दौरान चौथे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बुधवार को राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के तहत बास्केटबाल के अंडर-14 बालिका वर्ग में एकेश्वर प्रथम व खिर्सू द्वितीय, अंडर-15 बालिका वर्ग में खिर्सू व एकेश्वर और अंडर-19 के बालक वर्ग में खिर्सू व दुगड्डा प्रथम व द्वितीय रहे। बैडमिंटन के अंडर-17 बालिका वर्ग में खुशी प्रथम व दीपांशी द्वितीय, अंडर-14 के बालिका वर्ग में खुशी प्रथम व आनिया द्वितीय रही। हैंडबाल के अंडर-19 बालक वर्ग में दुगड्डा ने प्रथम व जहरीखाल ने द्वितीय, बालिका वर्ग में पौड़ी प्रथम व पोखड़ा द्वितीय और अंडर-17 के बालक वर्ग में दुगड्डा प्रथम व पोखड़ा द्वितीय और बालिका वर्ग में दुगड्डा प्रथम व कल्जीखाल द्वितीय स्थान पर रहे। फुटबाल के अंडर-19 बालक वर्ग में दुगड्डा ने खिर्सू को 5-0 से हराया। बालिका वर्ग में कोट ब्लाक ने खिर्सू को 4-0 से हराया। इस मौके पर प्रदीप, बृजमोहन भंडारी, प्रमोद रावत, शेखर रावत, सूरज रमोला, महिपाल सिंह, योगेंद्र पटवाल आदि मौजूद रहे।

# समिति ने शिक्षकों को किया सम्मानित


कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते संस्था के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से पूर्व सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी सहित चार शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बुधवार को लालपानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी मोहन चंद्र देवलियाल, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र गौड़, राजकीय इंटर कालेज लालपानी की प्रधानाचार्य वंदना भारद्वाज, देवेंद्र सिंह रावत को सम्मानित किया गया। असिस्टेंट कमांडेंट सेवानिवृत्त मोहन लाल ममगाई व डा. यूएस रावत ने कहा कि जीवन में शिक्षक का एक बहुत बड़ा महत्व होता है। शिक्षक की दिखाई राह से ही व्यक्ति आगे बढ़ता है। संस्था के निदेशक आरबी कंडवाल ने कहा कि बेहतर समाज निर्माण में दिया जा रहा शिक्षकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि संस्था की ओर से समय-समय पर शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। इस मौके पर रेखा ध्यानी, दिनेश चौधरी, नंदन सिंह नेगी, जगत सिंह नेगी, दिनेश चौधरी, मनमोहन काला, सुबोध कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व प्रमाण पत्रों में मेरा नाम भूलवश अमित सिंह रावत अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम अमित सिंह नाथ तथा मेरी पुत्री का नाम सन्ध्या नाथ है। मुझे अमित सिंह नाथ व मेरी पुत्री को सन्ध्या नाथ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**अमित सिंह नाथ पुत्र सरेशनाथ**
**निवासी पदमपुर मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0412/21)


# शिक्षक व कर्मचारियों को किया सम्मानित


आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुधवार का आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र सिंह खाती, सेवा निवृत्त् जिला शिक्षा अधिकारी सुदर्शन सिंह बिष्ट व पीटीए संघ के अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत की गीत की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात गढ़वाली, कुमाउंनी व जोनसारी गीतों पर लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को महान दार्शनिक बताया। कहा कि डा. राधाकृष्णन का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा। महेंद्र अग्रवाल ने छात्रों को हर समय शिक्षकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षक ही उनका मार्गदर्शक होता है। शिक्षक दिवस के पूर्व दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवा देने के लिए शिक्षकों सहित कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंजू अग्रवाल, मुकेश रावत, सादर सिंह रावत, डा. सुरेंद्र लाल आर्य, रिपुदमन सिंह बिष्ट, प्रेमलाल खंतवाल, विजय माहेश्वरी, जयवीर सिंह रावत, रईस सलमानी, धीरजधर बछुवाण, राकेश अग्रवाल, आरपी पंत आदि मौजूद रहे।

# प्रतिष्ठानों में काम करने वालों का अवश्य करवाएं सत्यापन


कोतवाली में बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक

## पुलिस ने ली सर्राफा कारोबारियों व अन्य व्यापारियों की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शहर में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने शहर के सर्राफा कारोबारियों व अन्य व्यापारियों की बैठक ली। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों का सत्यापन अवश्य करवाने की अपील की। कहा कि प्रतिष्ठानों के आसपास किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सर्राफा व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में अलार्म अवश्य लगाए।

बुधवार को कोतवाली में बैठक लेते हुए एएसपी जया बलोनी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस पूरे प्रयास कर रही है। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापारियों व आमजन को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने सर्राफा कारोबारियों व दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों में बेहतर गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। कहा कि इससे यदि प्रतिष्ठानों में किसी भी तरह की चोरी या अन्य कोई घटना होती है तो व्यक्तियों की पहचान आसानी से हो जाएगी। आपातकालीन स्थिति में 112 पर काल करें। व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में काम करने वाले प्रत्येक कर्मचारी की सूचना पुलिस को दें। कहा कि यदि कोई व्यापारी सत्यापन नहीं करवाता तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को शहर में पुलिस गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया।




## एक नजर

### स्थानान्तरण पर वरिष्ठ सर्जन डॉ. सलूजा को दी विदाई

श्रीनगर गढ़वाल : नगर के सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर लोकेश सलूजा का ट्रांसफर ऋषिकेश होने पर बुधवार को विदाई समारोह आयोजित किया। डा. सलूजा पिछले चौदह सालों से संयुक्त अस्पताल श्रीनगर में अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में डॉक्टर सलूजा का स्थानांतरण जिला अस्पताल ऋषिकेश में हो गया है। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी श्रीनगर गढ़वाल के प्रबन्धन हरविंदर सिंह लक्की भाई, उमा घिल्डियाल, गंगा असनोड़ा थपलियाल, प्रदीप अथ्वाल, महेश गिरि, डा. रचित गर्ग, डा. दिगपाल दत्त, अंकित उछोली, कैलाश पुण्डीर, कुंज बिहारी सकलानी, संतोष पोखरियाल, राबिन असवाल, गौतम मैठाणी, अजय सेमवाल, प्रियंका खत्री, राहुल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### भाजपा उत्तराखंड में बनाएगी 23 लाख सदस्य : कोठारी

श्रीनगर गढ़वाल : महामंत्री कोठारी ने बताया कि भाजपा का पौड़ी जनपद में 19 संघठनात्मक जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि बीते दो सितंबर से देश भर में भाजपा का देशव्यापी सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है। अभियान के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले सदस्य बनें हैं। तीन सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सदस्यता दिलाकर कार्यक्रम को प्रदेश स्तर पर शुरू कराया। 19 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान जारी रहेगा। एक से दस नवंबर तक अभियान संबंधी चर्चा की जाएगी। कोपार्टी ने उत्तराखंड में 23 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। अभियान में सभी वर्गों को एक साथ लेकर सदस्यता दिलाई जायेगी। प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों को सदस्यता दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया है।

### पुलिस ने मकान मालिकों के काटे चालान

चमोली : चमोली पुलिस ने सत्यापन की कार्रवाई कर गौचर में बुधवार को तीन मकान मालिकों का तीस हजार रूपये का चालान किया। कर्णप्रयाग थानाध्यक्ष डीएस रावत ने बताया कि बाहरी राज्यों से आने वालों का सत्यापन किया जा रहा है। गौचर से सत्यापन अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के दौरान बाहरी व्यक्तियों, दुकानदारों और किरायेदारों का सत्यापन किया गया।
पुलिस ने क्षेत्र में रह रहे सभी बाहरी लोगों से उनके पहचान पत्रों की जांच की और उनके ठिकाने के बारे में जानकारी एकत्र की। (एजेंसी)

# सीमांत गांव माणा और नीति में मास्टर प्लान के तहत होगा पर्यटन स्थलों का विकास



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** सीमांत गांव माणा और नीति में धार्मिक और पर्यटक स्थलों के विकास हेतु मास्टर प्लान के तहत कार्य किए जाएंगे। इसके लिए आईएनआई डिजाइन कंपनी ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को आईएनआई डिजाइन कंपनी की ओर से मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की।सतत पर्यटन विकास के अंतर्गत ग्राम पंचायत माणा में केशव प्रयाग, माता मूर्ति मंदिर, व्यास गुफा, गणेश गुफा, भीम पुल, माणा हॉट बाजार, पांडव चौक, आईटीबीपी में सरहद गाथा, घस्तौली सहित 14 स्थानों को बार्डर टूरिज्म के लिए विकसित किया जाएगा। जबकि नीती, मलारी और टिम्मरसैंण महादेव मंदिर को भी मास्टर प्लान के तहत विकसित करने की योजना तैयार की गई है। जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित किया कि नीति और माणा में बार्डर टूरिज्म के तहत प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पहले आर्मी, आईटीबीपी, हितधारकों और स्थानीय लोगों को प्रस्तावित कार्यों की पूरी जानकारी दी जाए। ताकि बेहतर तालमेल के साथ काम पूरे किए जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि आईएनआई के साथ मिलकर प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए सरकारी एवं निजी भूमि का अच्छी तरह से सर्वेक्षण कराया जाए और जिस भूमि पर विकास कार्य प्रस्तावित किए गए है वहां पर कोई अन्य निर्माण न किया जाए। निजी भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। आईएनआई डिजाइन कंपनी से समन्वय करते हुए इंटीग्रेटेड एप्रोच के साथ परियोजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान विभिन्न विभागों के सुझाव भी लिए गए। आईएनआई डिजाइन के कंसलटेंट धर्मेश गंगाडी ने बताया कि माणा में केशव प्रयाग, माता मूर्ति कैंपस विकास के साथ गणेश और व्यास गुफा को मूल स्वरूप दिया जाएगा। माणा गांव में हॉट बाजार, पांडव चौक और आईटीबीपी के कैंपस में परेड ग्राउंड, पार्किंग, सरहद गाथा के तहत म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। बार्डर टूरिज्म के तहत घस्तौली में हेलीपैड, सेफ हाउस, पार्किंग सहित विभिन्न पर्यटन सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। नीती में टिम्मरसैंण महादेव मंदिर तक जाने वाले एक किलोमीटर ट्रैक पर लकडी की रेलिंग, ट्रैक पर बेस कैंप, शिव उद्यान, पार्किंग के साथ नीती में कम्युनिटी हॉल, मलारी में विलेज चौक का निर्माण हेतु डिजाइन तैयार किया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एसके श्रीवास्तव, जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेंद्र पांडेय सहित वीसी के माध्यम से एसडीएम सीएस वशिष्ठ, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, आईटीबीपी एवं आर्मी के अधिकारी मौजूद थे।

## घास काटने गई महिला को सांप ने डसा



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** विकासखण्ड थलीसैंण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैन्यूर में बुधवार को दोपहर घास काटने गई एक महिला को सांप ने डस लिया। महिला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में उपचार चल रहा है। घटना के बारे में वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कन्यूर निवासी श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी जसवंत सिंह नेगी बुधवार को घास काटने गई थी। इसी दौरान पुष्पा देवी को सांप ने काट लिया। परिजनों द्वारा उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण के प्रभारी डॉक्टर अश्विनी चौहान ने बताया कि महिला का उपचार चल रहा है और वह खतरे से बाहर है। बताया कि विगत दो माह में स्वास्थ्य केंद्र में सांप काटने के पांच केस आए है। इस मौके पर डॉक्टर महिपाल मटियानी, डॉक्टर श्रुति भट्ट आदि मौजूद थे।

# अगलाड़-थत्यूड़ मोटर मार्ग पर निर्माणाधीन पार्किंग भूस्खलन से क्षतिग्रस्त



नई टिहरी : जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ के अगलाड़-थत्यूड़ मोटर मार्ग पर शिव मंदिर के पास निर्माणाधीन पार्किंग बारिश के बाद हुए भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही भूस्खलन होने और पहाड़ी से रुक-रुक कर पत्थर गिरने से वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल बच्चों और कर्मचारियों को उठानी पड़ रही है। बता दें कि बीते तीन दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण थत्यूड़ के पास निर्माणाधीन पार्किंग की पहाड़ी में दरार आ गई है। भूस्खलन होने से चीने स्थित दुकानों को भी खतरा हो गया है। मंगलवार शाम को पहाड़ी से अचानक पत्थर और मलबा गिरने से निर्माणाधीन पार्किंग का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना पुलिस ने वहां दो सिपाही तैनात कर दिए हैं। यहां से वाहनों का संचालन भी फौरी तौर पर बंद कर दिया गया है। स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को वाया ब्लॉक रोड से यातायात डाइवर्ट किया जा रहा है। लगातार हो रही बारिश से पहाड़ी से पत्थर गिर रहे हैं। इस संबंध में लोक निर्माण थत्यूड़ के अधिशासी अभियंता लोकेश सारस्वत का कहना है कि वाहनों के आवागमन पर यहां से रोक लगा दी गई है। वाहनों को थत्यूड़-सटागाड़-डागासारी मोटर मार्ग से भेजा जा रहा है। स्कूली बच्चों और राहगीरों को ब्लॉक रोड से आवागमन करने की अपील कर एसडीएम को पत्र भेजा है। बारिश रूकने के बाद नुकसान का जायजा लिया जाएगा। इसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। (एजेंसी)

### भाजपा ने रखा 10 हजार सदस्य जोड़ने का लक्ष्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भाजपा के सांगठनिक जनपद पौड़ी के ग्रामीण मंडल पौड़ी में सदस्यता अभियान के तहत 10 हजार सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनायेगी। जो पार्टी से 100-100 सदस्यों को जोड़ेगें।

बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में ग्रामीण मंडल के सदस्यता अभियान का आगाज किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक जगत किशोर बड़थ्वाल ने बताया कि 25 सितंबर तक ग्रामीण मंडल में 10 हजार सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कहा प्रत्येक बूथ पर कम से कम दो सक्रिय सदस्य बनाएं जाएंगे। जिसका दायित्व 100-100 सदस्य जोड़ने का होगा। अभियान के पहले दिन मंडल के 50 सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक मंमगाई, दिगंबर नेगी, अनुसूया प्रसाद उनियाल, दिनेश गौड़, राकेश नेगी, प्रेम सिंह, ज्योति सुंदरियाल, संतोषी गुसांई आदि मौजूद रहे।

# कौशल विकास को लेकर छात्रों को प्रशिक्षित किया




नई टिहरी : महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के मिशन शक्ति योजना के तहत बुधवार को श्रीदेव सुमन राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया। कहा कि वर्तमान में पारंपरिक शिक्षा के साथ ही स्किल डेवलपमेंट पर सरकार का विशेष फोकस है। ऐसे में छात्रों को चाहिए कि वह अपने कौशल को निखारें। प्रशिक्षक दिग्विजय सिंह ने छात्रों को आईटी, विज्ञान, गणित समेत अन्य जरूरी विषयों को रोजगार की दृष्टि से समृद्ध बनाने की जानकारी दी।

सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रश्मि बिष्ट ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सेंटर में हिंसा से पीड़ित महिलाओं को परामर्श सुविधा, चिकित्सा सहायता, पुलिस व विधिक सहायता, अस्थाई आश्रय सुविधा निःशुल्क में उपलब्ध कराई जाती है। (एजेंसी)

**उत्तर रेलवे**

**रेलवे की भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (कोचिंग), उत्तर रेलवे, मुरादाबाद गैर किराया राजस्व योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के चंदौसी और रोजा स्टेशनों पर स्थित रेलवे भूमि पर 400 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए ईओआई (रुचि की अभिव्यक्ति) आमंत्रित करते हैं। हितधारकों को स्थानीय स्तर पर या राजस्व सृजन के लिए ग्रिड को उत्पादित बिजली का उपयोग करने की स्वतंत्रता होगी। अनुभवी और इच्छुक हितधारक विस्तृत परियोजना और व्यवहार्यता रिपोर्ट के साथ उपरोक्त कार्य के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया 9760541563 पर संपर्क करें।
ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि: 30.09.2024 को 15:00 बजे तक।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2746/24

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **निविदा सं० 04/24–25** से **निविदा सं० 07/24–25** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 19.09.2024 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि० 20.09.2024 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।
पत्रांक : 1796/विविखको/टी–6
दिनांक : 04.09.2024

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

(CIN) U40109UP2001SG025867/2358 विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्टज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | TKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मेवा नवादा स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1434/1 (चः 1434/7.50) से स्थान 1435/11 (चः 1435/280.50) व डाउन लूप लाइन स्थान 1433/30 (चः 1433/968.50) से स्थान 1435/12 (चः 1435/280.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन | 2.585 (20.09.2024) |

**No. 17-Elect/C/TRD/MB/124 Dated 03.09.2024**

**भारतीय रेल**
**25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय**
**"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में **"उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मेवा नवादा स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1434/1 (चः 1434/7.50) से स्थान 1435/11 (चः 1435/280.50) व डाउन लूप लाइन स्थान 1433/30 (चः 1433/968.50) से स्थान 1435/12 (चः 1435/280.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन"** हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से **4.78 मीटर** की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं: –
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बाधा।
ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।
iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण,
उ.रे., मुरादाबाद
2740/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आस्था विश्वास और समृद्ध परम्पराओं का प्रतीक है ऐतिहासिक हिलजात्रा : धामी

**सीएम हिलजात्रा महोत्सव के आयोजन हेतु की 05 लाख की घोषणा,भगवान मोस्ट मानु मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिये स्वीकृत की 98 लाख की धनराशि**

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअली पिथौरागढ़ में आयोजित हिलजात्रा महोत्सव को सम्बोधित किया। उन्होंने सभी को हिलजात्रा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि जिस प्रकार हर घर में माँ गौरा और भगवान महेश्वर की पारंपरिक पूजा के साथ सातू-आठू पर्व से हिलजात्रा की धारा प्रवाहित होती है उसी प्रकार सबके जीवन में भी सुख, समृद्धि और शांति की धारा निरंतर प्रवाहित होती रहे। उन्होंने कहा कि हिलजात्रा जैसे पर्वों के माध्यम से हमें हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें और उन्हें आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हिलजात्रा महोत्सव के आयोजन हेतु 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने, भगवान् मोस्टामानू मंदिर के सौन्दर्गीकरण के लिए 98 लाख रुपए स्वीकृत करने, चौतोल मेला परिसर, श्री गोलज्यू मंदिर के सौन्दर्गीकरण हेतु धनराशि की स्वीकृति प्रदान करने तथा कुमौड़ में हिलजात्रा मेला स्थल के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को जी.जी.आई.सी. के समीप निर्माण की जाने वाली पार्किंग का "स्ट्रक्चरल सेफ्टी" का जल्द से जल्द अपने स्तर पर परीक्षण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोरघाटी की ये ऐतिहासिक हिलजात्रा हमारी आस्था, विश्वास और समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है। यह यात्रा केवल एक धार्मिक या पारंपरिक आयोजन ही नहीं बल्कि हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। हिलजात्रा न केवल हमारे पूर्वजों की महान परंपराओं, आदर्शों और बहादुरी का स्मरण कराती है बल्कि कृषि और पशुपालन से जुड़े हमारे ग्रामीण जीवन की विशेषताओं को भी दर्शाती है। हिलजात्रा की यह परंपरा हमें हमारी मिट्टी, खेतों, सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का अनूठा माध्यम है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों से भी अधिक समय से मनाए जा रहे इस पर्व ने पिथौरागढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है और भगवान् शिव के गण लखिया भूत के आगमन ने हमें सदैव सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्रदान किया है। इस पर्व के माध्यम से हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। इस महोत्सव में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, विधायक पिथौरागढ मयूख सिंह मेहर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपिका बोरा, राज्य स्तरीय लघु सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष गणेश भण्डारी, पूर्व विधायक श्रीमती चन्द्रा पंत, भाजपा जिलाध्यक्ष पिथौरागढ गिरीश जोशी, निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका पिथौरागढ राजेन्द्र सिंह रावत, शिव सिंह विष्ट सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### 19 सूत्रीय मांगों को लेकर ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हिमालयन संविदाकार ठेकेदार समिति ने 19 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को लोनिवि कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित ठेकेदारों ने जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। कहा कि पिछले लंबे समय से ठेकेदार विभिन्न समस्याओं के हल की मांग कर रहे है, लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।बुधवार को हिमालयन संविदाकार ठेकेदार समिति ने लोनिवि प्रांतीय खंड के कार्यालय में धरना दिया। इस दौरान ठेकेदारों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष संतन सिंह नेगी, सचिव प्रदीप असवाल ने 10 करोड़ तक के काम प्रदेश के लोगों को ही देने, निविदा में स्थाई व मूल निवास प्रमाणपत्र की अनिवार्यता करने, 5 करोड़ तक के कार्य सिंगल ब्रिड सिस्टम से करने, केंद व राज्य सरकार के बजट के 80 फीसदी तक के निर्माण कार्य प्रदेश के ही ठेकेदारों को देने, बड़े कार्यों को छोटे कार्यों में बदलने का अधिकार खंडीय कार्यालय के अधिशासी अभियंता को देने की मांग की। धरना देने वालों में उपेंद्र भटट, अमित बुटोला, नवीन कोठारी, सुबोध नौटियाल, बिमल नेगी, दिगंबर नेगी, विनोद नेगी, कमल रावत, सुरेंद्र नेगी, मुकेश नेगी आदि ठेकेदार शामिल रहे।

### विद्यार्थी श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश व प्रदेश के विकास में सहभागी बनें

**जयन्त प्रतिनिधि।** देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वही देश और समाज आगे बढ़ते हैं जहां गुरुजनों का सम्मान होता है। हमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भारतीय परम्परा का पालन करते हुए श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश व प्रदेश के विकास में सहभागी बनें।

### आज होगें शिक्षक और छात्र सम्मानित

चमोली : शिक्षक दिवस पर थराली, देवाल तथा नारायणबगड़ प्रखंड के माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 35 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जा रहा है। बीईओ अनिनाथ ने बताया कि नारायणबगड़ प्रखंड में माध्यमिक स्तर के 50 तथा प्रारंभिक स्तर के 34 शिक्षकों का सम्मान होगा। थराली में माध्यमिक के 40 और प्रारंभिक के 10 शिक्षक, देवाल में माध्यमिक के 28 तथा प्रारंभिक के 24 शिक्षक-शिक्षिकाओं का खंड शिक्षा कार्यालय में पुरस्कृत किया जाएगा। बताया कि तीनों प्रखंडों के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उनका सम्मान जीआईसी कुलसारी में आयोजित किए जा रहे समारोह में होगा। तीनों ब्लॉकों के ब्लॉक प्रमुखों की उपस्थिति में थराली विधायक भूपालराम टम्टा सम्मानित करेगे। (एजेंसी)

### धूमधाम से मनायी हरतालिका तीज

हरिद्वार। पूर्वांचल की महिलाओं ने बुधवार को सुभाषनगर के बैंक्वेट हॉल में हरतालिका तीज हर्षोल्लास के साथ मनाई। महिलाओं ने भारतीय वेशभूषा सोलह श्रंग्रार करके कार्यक्रम में हिस्सा लिया। तीज समारोह में रानीपुर विधायक आदेश चौहान की पत्नी नीलम चौहान ने भी शिरकत की।

# महिला का मोबाइल झपटने वाले आरोपी गिरफ्तार



हरिद्वार। सड़क पर जा रही महिला का मोबाइल फोन छीनकर फरार दो आरोपियों को रानीपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। ब्रह्मपुरी रावली महदूद निवासी महिला का एक सितंबर को बाइक पर सवार दो युवकों ने मोबाइल फोन छीन लिया था। महिला ने मुकदमा दर्ज कराया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गैस प्लांट के पास यूकेलिप्टिस के बाग से गोविन्द पुत्र मुन्नु सिंह निवासी कस्बा कोठरा थाना नगीना जिला बिजनौर यूपी हाल निवासी महादेवपुरम सिडकुल ओर राजा पुत्र नन्दू निवासी बेहड़ खेड़ा थाना स्योहारा जिला बिजनौर हाल निवासी डैंसो चौक सिडकुल को रानीपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआई मनोज नौटियाल, कांस्टेबल संजय सिंह और करम सिंह शामिल रहे।

# नशे की प्रवृत्ति समाज में देती है अपराध को जन्मः प्रो. बत्रा

हरिद्वार। एसएमजेएन कॉलेज में बुधवार को एंटी ड्रग्स सेल तथा पर्यावरण प्रकोष्ठ की ओर से नशा मुक्त समाज एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि तम्बाकू से बने उत्पाद और नशे की प्रवृत्ति न केवल मनुष्य के शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं, अपितु समाज में अपराध को भी जन्म देते हैं। डॉ. बत्रा ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि आज सभी संकल्प लें कि वह कभी भी धूम्रपान व अन्य किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे और एक सभ्य समाज की नींव रखेंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों एक ही सिक्के के पहलू हैं। उन्होंने कहा कि मन और तन से स्वस्थ व्यक्ति ही एक सभ्य, सुदृढ़ और स्वस्थ समाज की परिकल्पना का साकार करता है। डॉ. मनोज कुमार सोही, डॉ. विजय शर्मा ने विचार रखे। इस अवसर पर विनय थपलियाल, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. लता शर्मा, वैभव बत्रा, डॉ. अनुरिषा, डॉ. वन्दना सिंह, शाहीन, डॉ. पल्लवी राणा, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. पूर्णिमा सन्दरियाल, डॉ. विनीता चैहान, रिंकल गोयल, रिचा मिनोचा, आस्था आनन्द, विनीत सक्सेना, डॉ. पदमावती तनेजा, मोहन चन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद थे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com